भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र

डाक घर: केट
इन्दौर: 452013

सं. आरआरकेट/2013-प्रशा/भ-707/चिअ

विषय: आरआरकेट के चिकित्सा केन्द्र में चिकित्सा अधिकारी की तदर्थ आधार पर नियुक्ति हेतु वाक-इन-इंटरव्यू।

इस केन्द्र की आरआरकेट कॉलोनी, इन्दौर स्थित आरआरकेट, चिकित्सा केन्द्र में चिकित्सा अधिकारी की तदर्थ आधार पर पेनल बनाने के लिये दिनांक 08/08/2013 को एक वाक-इन-इंटरव्यू की व्यवस्था प्रशासनिक भवन, राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र, डाक घर: केट, इन्दौर: 452013 में की गई है। नीचे लिखे अनुसार निर्धारित योग्यता/अनुभव रखने वाले प्रत्याशी इस पद हेतु पात्र हैं :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पद का नाम | : | (जी.डी.एम.ओ) सामान्य पाली चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सालय) |
| 2 | आयु सीमा | : | दिनांक 08/08/2013 को 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। |
| 3 | शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव | : | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एम.बी.बी.एस. तथा 1 वर्ष का अनुभव |
| 4 | नियुक्ति का प्रकार | : | तदर्थ/लोकम आधार (अवकाश रिक्ति इत्यादि)। |
| 5 | नियुक्ति की अवधि | : | जब-तब आवश्यकता के आधार पर लेकिन एक बार में 89 दिनों से अधिक नहीं। |
| 6 | वेतन | : | रू. 40,000/- समेकित वेतन प्रतिमाह। |

उपर्युक्त आवश्यकताओं /मानदण्डों को पूरा न करने वाले तथा अपने साथ आवश्यक दस्तावेज न लाने वाले प्रत्याशियों का साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा।

उक्त पद की जब-तब आवश्यकता हेतु लोकम आधार पर नियुक्ति पाने के इच्छुक पात्र प्रत्याशी दिनांक 08/08/2013 को प्रात: 10.00 से 12.00 बजे के बीच वाक-इन-इंटरव्यू हेतु प्रशासनिक भवन, राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र, डाक घर: केट, सुखनिवास रोड, राजेन्द्र नगर के पास, इन्दौर: 452013 के सहायक कार्मिक अधिकारी, भर्ती अनुभाग (दूरभाष क्रमांक 0731-2488812, फैक्स नं. 0731-2321344 एवं ई-मेल apor@rrcat.gov.in) को रिपोर्ट करें। वे अपने साथ अपना बायोडाटा तथा (अ) जन्म-तिथि, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव इत्यादि के मूल प्रमाण-पत्रों /अंक-तालिकाओं के साथ-साथ उनकी सत्य प्रतिलिपियां (ब) एक नवीनतम फोटोग्राफ (पासपोर्ट साइज) लेकर आएं।

यह विज्ञापन इस केन्द्र की वेब-साईट www.rrcat.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

******